प्रेस–**विज्ञप्ति** फरवरी 11, 2017

दिनांक 11 **फरवरी, 2017** को **सायं 06:00** से मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश (एम.सी.यू.पी.) एवं अलीबाबा.कॉम संयुक्त तत्वाधान में **"Infinity-Grow Your Business"** का आयोजन किया गया।

श्री पदम कुमार जैन, अध्यक्ष, मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश, ने मुक्य-वक्ताओं- श्री मुख्तारुल अमीन, मिस्टर क्रिस वांग, श्री खालिद इसार एवं श्री आशिफ निहाल तथा एम.सी.यू.पी. एवं कानपुर के प्रतिष्ठित संस्थाओं से आये सदस्यगणों, अलीबाबा.कॉम के प्रतिनिधियों एवं समस्त मीडिया कर्मियों का स्वागत किया। श्री जैन ने कहा यह सत्र निर्यातकों/आयातकों को उनके दवारा निर्मित उत्पादों को ई-कॉमर्स के सहायता से विक्रय के बारे में जानकारी लेने का यह एक स्वर्णिम अवसर है। उन्होंने कहा कि आने वाला समय ई-कॉमर्स का है और अलीबाबा.कॉम ई-कॉमर्स के लिए एक प्रमुख वेबसाइट है।

कार्यक्रम के मुख-वक्ता श्री मुख्तारुल अमीन, चैयरमेन, कौंसिल फॉर लेदर एक्सपोर्ट, चेयरमैन एवं एम.डी., सुपरहाउस ग्रुप, ने लेदर उद्योग एवं इस उद्योग के अवसरों एवं चुनौतियों के बारे में बताया। उन्होंने अपने वक्तव्य में अपना व्यक्तिगत अनुभव भी साझा किया। श्री अमीन जी ने कहा की लेदर का अधिकाँश (लगभग 70 प्रतिशत) बिजनेस यूरोपियन यूनिअन एवं यूनाइटेड स्टेट्स से है एवं लेदर के कुल निर्यात का 80 प्रतिशत हिस्सा फुटवियर एवं गारमेंट्स ( एवं अन्य लेदर से बनी सामग्री) का है। उन्होंने यह भी सूचित किया कि सरकार से डिजाइनिंग संस्थान की स्थापना का विषय अभी प्रक्रिया में है और बहुत जल्द ही यह स्थापित होगा। उन्होंने सूचित किया कि पिछले वर्ष सन 2016 में चेन्नई में देश का अब तक का सबसे बड़ा डिजाइनिंग फेयर संचालित किया गया था।

मिस्टर क्रिस वांग, कंट्री हेड, अलीबाबा.कॉम ने अलीबाबा के बारे में बताया। उन्होंने बताया कि अलीबाबा.कॉम, संस्थापक जेक माँ के द्वारा सन 1999 में स्थापित की गयी थी। अलीबाबा.कॉम का मुख्य उद्देश्य "व्यापार को कहीं भी करने के लिए आसान बनाना (make it easy to do business anywhere)", मिशन एवं विजन स्टेटमेंट्स के बारे में बताया। अलीबाबा.कॉम "बिजनेस से बिजनेस (B to B)" को जोड़ने वाली वेबसाइट है जो की वैश्विक क्रेता एवं वैश्विक विक्रेता (दोनों) को व्यापार करने के लिए स्वीकृति प्रदान करती है, इसमें (लगभग) 10 लाख भारतीय क्रेता एवं विक्रेता जुड़े हुए है।

श्री खालिद इसार, बिजनेस पार्टनर, आलीबाबा.कॉम ने भविष्य: मोबिलिटी, डिजिटल एवं इन्टरनेट अपर अपना वक्तव्य केन्द्रित किया एवं कहा की आने वाला समय ई-कॉमर्स का है क्योकि व्यापार को बढाने में आज इन्टरनेट एवं मोबाइल एक वरदान साबित हो रहे है। अपना व्यक्तिगत

अबुभाव साझा करते हुए श्री इसार जी ने बताया कि एक बार चाईना की यात्रा के दौरान एक चाईनीज कंपनी के प्रतिनिधि ने कहा कि “Indians (designs) are Original.”

श्री आशिफ निहाल, कस्टमर-अलीबाबा.कॉम, ने अपना अनुभव साझा करते हुए अलीबाबा.कॉम के कार्य करने के तरीके को समझाया। उन्होंने कहा कि व्यापार में वृद्धि तभी होगी जब उसको एक अच्छे माध्यम से जोड़ेंगे और अलीबाबा.कॉम से जुड़कर उन्होंने भी अपने व्यापार को लाभान्वित किया है।

कार्यक्रम का संचालन श्री विनय भर्तिया, अलीबाबा.कॉम, ने किया।

सत्र में उपस्थित गणमान्य: डॉ. उमेश पालीवाल, श्री प्रेम मनोहर गुप्ता, डॉ. आई.एम.रोहतगी, पूर्वअध्यक्ष, श्री संतोष अग्रवाल, श्री पंकज जैन, श्री एस.सी.गर्ग, श्री वाई.एस.गर्ग, सलाहकार-फियो, श्री ए.के.सिन्हा, सचिव-एम.सी.यू.पी., आयोजित किये जाने वाले सत्र में एम.सी.यू.पी. तथा कानपुर के अन्य प्रतिष्ठित संस्थाओं के सदस्यगण तथा अलीबाबा.कॉम के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे।

सधन्यवाद

मर्चेट्स चबर ऑफ उत्तर प्रदेश